न्यायालय उपखण्ड अधिकारी,भीलवाडा

पीठासीन अधिकारी–आव्हाद निवृत्ति सोमनाथ (आई.ए.एस.)

प्रकरण संख्या 191/2024 | दायर दिनांक 14.05.2024 | निर्णय दिनांक 27.05.2024

उनवान

1. गणपत सिहं पुत्र श्री गोर्धन सिहं राजपूत उम्र वयस्क, निवासी मालोला तहसील व जिला भीलवाड़ा (राज.)

– प्रार्थी

बनाम

1. देबी सिहं पिता श्री गोर्धन सिहं राजपूत उम्र वयस्क, निवासी मालोला तहसील व जिला भीलवाड़ा (राज.)
2. अर्जुन सिहं पिता श्री गोर्धन सिहं राजपूत उम्र वयस्क, निवासी मालोला तहसील व जिला भीलवाड़ा (राज.)
3. लक्ष्मी पत्नि श्री हरिश प्रजापत उम्र वयस्क निवासी गुर्जर मोहल्ला भीलवाड़ा तहसील व जिला भीलवाड़ा (राज.)
4. सतपाल सिहं पिता श्री दलपत सिंह राजपूत उम्र वयस्क, निवासी मालोला तहसील व जिला भीलवाड़ा (राज.)
5. नाबालिग कैलाश चन्द्र पिता श्री रोशन लाल संरक्षक संपरस्त रोशन जाति गाडरी, निवासी मालोला तहसील व जिला भीलवाड़ा (राज.)
6. भीम सिहं पिता श्री गोर्धन सिहं जाति गाडरी, उम्र वयस्क, निवासी मालोला तहसील व जिला भीलवाड़ा (राज.)
7. ग्राम पंचायत मालोला, जरिये ग्राम विकास अधिकारी
8. सार्वजनिक निर्माण विभाग भीलवाड़ा तहसील व जिला भीलवाड़ा (राज.)
9. राजस्थान राज्य जरिये तहसीलदार भीलवाड़ा जिला भीलवाड़ा (राज.)

–विपक्षीगण

उपस्थित:–अधिवक्ता प्रार्थी भैरू लाल गाडरी
अप्रार्थी संख्या 01 से लगायत 06 उपस्थित नहीं

–: प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 111 व 128 राज0 भू–राजस्व अधिनियम :–

–: निर्णय :–

संक्षेप में विवरण इस प्रकार है कि प्रार्थी ने अप्रार्थीगण के विरूद्ध प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 111 व 128 राज0 भू राजस्व अधिनियम, 1956 प्रस्तुत कर निवेदन किया कि मौजा मालोला प0ह0 मालोला भू–अभिलेख निरीक्षक क्षेत्र सांगानेर तहसील व जिला भीलवाडा की जमाबन्दी संवत 2071–2074 के खाता संख्या 22 की अभिलिखित आराजियात 919/3, 920/3, 921 कुल किता 03 कुल रकबा 0.4300 हैक्टेयर भूमि प्रार्थी की खातेदारी एवं कब्जे

उपखण्ड अधिकारी
भीलवाड़ा

...कास्त की है और अप्रार्थीगण जैर-बहस के पडौसी खातेदारान है। प्रार्थी एवं विपक्षीगण की आराजियात के बीच कोई स्थाई सीमा चिन्ह नही होने के कारण विवाद होता रहता है। अतः ...र्थी खातेदारी आराजियात की मौके पर अभिलेख अनुसार नपती की जाकर मौके पर स्थाई सीमा चिन्ह स्थापित कराना चाहता है। प्रार्थी वर्णित भूमि के खातेदार काश्तकार है।

इस पर प्रार्थी के प्रार्थना पत्र को दर्ज रजिस्टर किया जाकर अप्रार्थीगण को जरिये नोटिस तलब किया गया। अप्रार्थी संख्या 01 से लगायत 06 उपस्थित नहीं। प्रार्थी अधिवक्ता उपस्थित। वकील प्रार्थी द्वारा प्रकरण का निस्तारण आज ही किये जाने की ईस्तदुआ की गई। ...बाद वकील प्रार्थी द्वारा निवेदन किया गया कि मामला पत्थरगढी का है व प्रार्थी अपनी आराजियात की पत्थरगढी कराना चाहते है। हमने प्रार्थना पत्र का अवलोकन किया। चिंतन मनन किया एंव पत्रावली को वास्ते आदेश नियत किया गया।

हमने पत्रावली में प्रार्थीगण की ओर से प्रस्तुत राजस्व अभिलेख नकल जमाबन्दी का अवलोकन किया गया। प्रकरण के तथ्यों व बहस पर मनन किया। प्रार्थीगण आराजियात ...रबहस के खातेदार काश्तकार होकर इन्हे आराजियात जैर बहस की नपती करा सीमांकन (पत्थरगढी) कराने का अधिकार निहित है। उपर्युक्त विवेचन के कम में प्रार्थीगण प्रार्थना पत्र में ...कित भूमि के खातेदार होने से सीमांकन (पत्थरगढी) कराने के अधिकारी होने से प्रार्थना पत्र ...र्गत धारा 111 व 128 राज0 भू राजस्व अधिनियम, 1956 स्वीकार किया जाता है।

तहसीलदार भीलवाडा को सीमांकन(पत्थरगढी) कराने का आदेश दिया जाता है कि ...जा मालोला प0ह0 मालोला भू-अभिलेख निरीक्षक क्षैत्र सांगानेर तहसील व जिला भीलवाडा ...ी जमाबन्दी संवत 2071-2074 के खाता संख्या 22 की अभिलिखित आराजियात 919/3, ...0/3, 921 कुल किता 03 कुल रकबा 0.4300 हैक्टेयर भूमि की पत्थरगढ़ी कार्य संपादन से ...व फरिकेन मुकदमा को सूचित किया जावे। पत्थरगढ़ी का आशय पक्षकारों की उपस्थिति में ...शानात कायम करने भर से है। इस आदेश में किसी पक्ष की बेदखली व कब्जा देने की ...र्यवाही नहीं की जाए तथा किसी न्यायालय का स्थगन न हो तो एवं मौके पर फसल खडी ... हो तो बन्दोबस्ती नक्शे अनुसार नपती की जाकर सीमा चिन्ह स्थापित कर ...मांकन(पत्थरगढी) हेतु तहसीलदार भीलवाडा को 1000-00 अक्षरे एक हजार रूपये शुल्क ... मौका कमिश्नर नियुक्त किया जाता है, कमिश्नरी शुल्क रिकार्ड विधिवत संधारित किया ...कर पालना रिपोर्ट मय पर्चा मौका आगामी 15 दिवस में आवश्यक रूप से पेश करे, तथा ...श्नरी फीस प्रार्थीगण से मौके पर प्राप्त करे। तहसीलदार भीलवाडा को तहरीर जारी करे।

पत्रावली की निर्णित इन्द्राज की जाकर बाद आवश्यक कार्यवाही अभिलेखागार में ...वाई जावे। निर्णय आज दिनांक 27.05.2024 को खुले न्यायालय में सुनाया गया।

(आल्हाद निवृत्ति सोमनाथ)
उपखण्ड अधिकारी
भीलवाड़ा